**दिनांक 04.03.2024 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही :–**

***उपस्थिति– पंजी के अनुसार।***

सर्वप्रथम उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

**1.** उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को दिनांक 01.03.2024 को प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित प्रस्तावों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। तदुपरान्त प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में संचालित किये जाने वाले विभिन्न योजनाओं को संक्षिप्त रूप से अवगत कराया गया।

**2.** प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016–2017 से 2023–2024 तक विभिन्न प्रक्षेत्र के कुल 919 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है जिनमे से विभिन्न एजेंसिओ के द्वारा 745 योजनाओं को पूर्ण करा लिया गया है शेष योजनाओं का कार्य प्रगति पर हैं।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से लंबित योजनाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

**3.** बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा समीक्षोपरान्त वैसे जनोपयोगी एवं महत्वपूर्ण योजनाएं जिनका प्रस्ताव एक से अधिक प्रखण्डों के पंचायतों से प्राप्त हुआ है, वैसी योजनाओं को विस्तारित करते हुए आवश्यकता अनुसार अन्य प्रखण्डों में भी क्रियान्वित कराने पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

**4.** जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार द्वारा जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के सभी विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल की आपूर्ति कराने हेतु प्रस्ताव प्राप्त है (सूची संलग्न)। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के गहन समीक्षोपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से सभी विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल की आपूर्ति कराने हेतु अनुमोदन किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

**5.** डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के शहरी क्षेत्र, चन्दवा के नगर मन्दिर, बरवाडीह में फॉरेस्ट कॉलोनी से चेक नाका तक, बेतला नेशनल पार्क एवं वन विहार तथा महुआडांड़ में नेतरहाट के विभिन्न क्षेत्रों अरूणोदय अतिथि गृह, शैले हाउस, लेक व्यू प्वाईंट एवं कोयल व्यू प्वाईंट में इलेक्ट्रिक डेकोरेटिव स्ट्रीट का अधिष्ठापन हेतु स्वीकृत योजना में बिजली का कनेक्शन कार्यकारी एजेंसी जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लेने एवं मासिक बिजली बिल का भुगतान डी0एम0एफ0टी0 मद से कराने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार/ जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार)**

**6.** उप निदेशक, पलामू ब्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमण्डल, मेदिनीनगर के द्वारा पलामू ब्याघ्र आरक्ष में वन्य प्राणियों के संवर्धन मानव वन्यजीव द्वद्ध, आजीविका हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | प्रस्ताव का नाम | स्थल |
|---|---|---|
| 1 | अजोला पीट एवं वर्मी कम्पोस्ट पीट का निर्माण। | पलामू ब्याघ्र आरक्ष स्थित गांवों में |
| 2 | बचाव उपकरण | बेतला N/P |
| 3 | चेकनाका का आधुनिकीकरण | SH-9 |
| 4 | E-Bike/Bicycles of EDC एवं बैट्री कार | बेतला N/P |
| 5 | अग्नि सुरक्षा | पलामू ब्याघ्र आरक्ष के सभी प्रक्षेत्रों में। |

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के गहन समीक्षोपरान्त उक्त योजना को सदन द्वारा सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024–25 में क्रियान्वित कराने हेतु अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

**7.** "जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट" (DMFT) की न्यास परिषद की बैठक में चर्चा के क्रम में खनन प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों की सूची ग्रामवार/पंचायतवार/ प्रखण्डवार PMKKKY के दिशा–निर्देशों के अनुसार तैयार कराने एवं DMFT लातेहार की वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए लातेहार की प्रबंधकीय समिति द्वारा प्रस्तावित एवं अनुमोदित विभिन्न प्रक्षेत्र के सभी 1701 प्रस्तावों को न्यास परिषद के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| Sector | Category as per PMKKKY | No. of Proposals |
|---|---|---|
| High Priority | Agriculture | 1 |
| | Education | 237 |
| | Health | 20 |
| | Housing | 53 |
| | Sanitation | 148 |
| | Skill Development and Livelihood Generation | 8 |
| | Welfare of aged and differently abled | 1 |
| | Welfare of Women and Children | 119 |
| **High Priority Total** | | **587** |
| Other Priority | Enhancing Environmental Quality | 5 |
| | Physical infrastructure | 1109 |
| **Other Priority Total** | | **1114** |
| **Grand Total** | | **1701** |

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

**8.** माननीय विधायक, लातेहार द्वारा दिनांक 06.10.2023 को सम्पन्न न्यास परिषद् की बैठक में अवशेष राशि का लम्बित भुगतान, मत्स्य पालन हेतु कतिपय तालाबों का जीर्णोद्धार आदि नीतिगत निर्णय पर नियमानुसार कार्रवाई हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया था। माननीय विधायक द्वारा उपर्युक्त निर्णय पर त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

9. माननीय विधायक लातेहार विधानसभा क्षेत्र द्वारा बताया गया कि पूर्व के न्यास परिषद् की बैठक में जल संरक्षण, सिंचाई की सुविधा तथा मत्स्य पालन हेतु कतिपय तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार कराया गया था जिनका अवशेष राशि का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ है। माननीय विधायक द्वारा उक्त योजनाओं का नियमानुसार भुगतान करने का अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के आलोक में डी0एम0एफ0टी0 के मार्गदर्शिका तथा समय–समय पर विभाग द्वारा निर्गत पत्रों के आलोक में योजनाओं को पुनः स्वीकृत करते हुए भौतिक सत्यापन के उपरान्त भुगतान नियमानुसार करने हेतु अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

10. माननीय विधायक द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में बेंच–डेस्क एवं अलमिरा का क्रय एवं आपूर्ति की स्वीकृति की सूची उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया तथा उप विकास आयुक्त, लातेहार द्वारा विभिन्न विद्यालयों में बेंच–डेस्क एवं अलमिरा का क्रय एवं आपूर्ति के समय नमूना का जाँच हेतु कमिटी बनाने का अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार जाँच कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

11. माननीय विधायक एवं अन्य माननीय सदस्यों द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को मुख्यालय से जोड़ने वाले पहुँच पथ, पुल–पुलिया, कालीकरण आदि का क्रियान्वयन करने हेतु अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

12. बैठक में उपस्थित अन्य सम्मानित सदस्यों द्वारा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं के शिलान्यास एवं उदघाटन में स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराने का सभी कार्यकारी एजेंसी को निदेशित किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)**

13. भवन निर्माण विभाग, लातेहार अन्तर्गत अभियन्ताओं के आवश्यकता अनुरूप नहीं रहने के कारण डी0एम0एफ0टी0, लातेहार अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने वाले योजनाओं का डीपीआर/प्राक्कलन तैयार करने हेतु एजेंसी का चयन कर डीपीआर/प्राक्कलन में 1% राशि को जोड़ने के प्रावधान को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार)**

14. बैठक में जिले के सभी सरकारी अस्पतालों एवं सभी कस्तुरबा गांधी विद्यालयों में डी0जी0 सेट जनरेटर उपलब्ध कराने हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

15. उप प्रमुख, चन्दवा द्वारा देवनद नदी पुल से लेकर रेलवे क्रॉसिंग तक एवं चन्दवा मुख्य चौक से प्रखण्ड कार्यालय, चन्दवा तक स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

**16.** बैठक में सम्मानित सदस्यों द्वारा Solar Based Surface Moveable Pump Set 01/02 HP को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में निवास करने वाले किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 01/02 HP सोलर पम्प का पुनः अधिष्ठापन हेतु Re-Tender कराने हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार/जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार)**

**17.** माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र मनिका द्वारा आदिम जनजाति अस्पतालों में एम्बुलेंस देने का अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

***सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।***

09-03-2024 | 09/3/24 | 9/3
--- | --- | ---
प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। 9/03/2024 | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

**ज्ञापांक** 236 **/डी0एम0एफ0टी0 दिनांक** 09 **/** 03 **/2024**

**प्रतिलिपि :–** डी0एम0एफ0टी0 न्यास परिषद के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

| 09-03-2024 | 09/3/24 | |
| --- | --- | --- |
| प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। 9/03/2024 | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |